OAM/20005/15
06.05.2015

दिनांक 05/05/15

To,

केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी
प्रकाशन विभाग, सिविल लाईन्स
दिल्ली - 54

विषय :- सूचना अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी प्राप्त करने हेतु।

महोदय,

कृपया मुझे जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत निम्न जानकारी उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध है।

(1) सिविल लाईन्स दिल्ली स्थित प्रकाशन विभाग के गोदाम से भारत सरकार व अन्य विभागों से सम्बंधित बुक/गजट व अन्य दस्तावेज निर्धारित दरों पर बिक्री किये जाते हैं।
वर्ष 2005 से मार्च 2015 के अंतराल में कितनी मात्रा में बुक/किताब/गजट व अन्य दस्तावेज बिक्री हेतु सिविल लाईन्स स्थित गोदाम या कार्यालय में बिक्री के लिये आया।
उसकी कुल कीमत क्या थी तथा कितना मैटीरियल इस दौरान बिक्री किया गया। प्रत्येक वर्ष के अलग-2 आंकड़े उपलब्ध करायें।

[2] क्या इस अंतराल में कुछ मैटीरियल बेकार/रद्दी होने के पश्चात निष्पादन या निपटान भी किया गया है!
यदि ऐसा है तो कृपया उसकी मात्रा व कीमत बतायें।

[3] इस मैटीरियल का निष्पादन/निपटान किस प्रकार किया गया।

[4.] विभाग द्वारा इस संदर्भ में क्या कोई DISPOSAL व निष्पादन POLICY/नीति बनाई हुई है।
यदि उत्तर हां है तो कृपया इस संदर्भ में ब्यौरा उपलब्ध कराये।

Gaz.
Pub. Sec.
HOS
ADC.
Gen.
Gen.
O.M.

P.T.O

(5.) विभाग के गोदामो मे कुछ मैटरियल नष्ट पड़ा हुआ है। (सड़ गल रहा है) क्या यह जानकारी सही है।
यदि यह जानकारी सही है तो इस मैटरियल की मात्रा व कुल कीमत कितनी है। कृपया ब्यौरा दे।

[6.) सिविल लाइन्स के गोदामो मे मैटरियल (बुक/किताब/गजट इत्यादि) के रखरखाव कि जिम्मेदारी किसी कि है।

(7.) वर्ष 2000 से 2015 मार्च तक कितना प्रकाशन/किताब/गजट व अन्य दस्तावेज सिविल लाइन्स स्थित गोदामो मे बिक्री हेतु आया तथा कितना बिक्री किया गया तथा कितना शेष बचा हुआ है क्या नष्ट हो चुका है।

(8) वर्ष-2000 से 2015 मार्च कितना प्रकाशन नष्ट हुआ है तथा कितना बेकार होने पर बिक्री किया है।

(9) विभिन्न मंत्रालयो व विभागो से जो बुक/किताब इत्यादि आते है बिक्री हेतु। वह मात्रा मे आते है या वजन के अनुसार या दोनो तरह से।

भवदीय

धन्यवाद

(अनिल कुमार)

5263 गली आर्यसमाज
शोरा कोठी, पहाड़ गंज
नई दिल्ली।

-37-

भारत सरकार
प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54
Website: **www.deptpub.gov.in**
Email: **acop-dep@nic.in** (&) **pub.dep@nic.in**
TEL.: 2381 7823 /2381 9689 Fax: 2381 7846.

स्पीड पोस्ट द्वारा

सं: ओ. एण्ड एम./20005/2015

दिनांक: 05 जून, 2015

सेवा मे,
श्री अनिल कुमार,
5263 गली भारत नगर,
शोरा कोठा, पहाड़ गंज,
नई दिल्ली।

विषय:-सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना के संबंध में ।

महोदय,

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आपका पत्र जो इस विभाग में दिनांक 06.05.2015 को प्राप्त हुआ, के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि आपके आवेदन पत्र का अवलोकन करने के बाद यह पाया गया की मांगी गयी जानकारी विशालकाय प्रकृति की है। जिसकी जानकारी एकत्र करने तथा उसे संकलित करने मे समय लगेगा। इसलिए ज्यों ही जानकारी एकत्रित और संकलित कर ली जाएगी मांगी गयी सूचना आपको उपलब्ध करा दी जाएगी।

भवदीय,

05/6/15

(जी. डी. पाण्डेय)
केंद्रिय लोक सूचना अधिकारी

O/C
5/6/15

By speed post

भारत सरकार
प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54
Website: **www.deptpub.gov.in**
Email: **acop-dep@nic.in** (&) **pub.dep@nic.in**
TEL.: 2381 7823 /2381 9689 Fax: 2381 7846.

सं: ओ. एण्ड एम./20005/2015

दिनांक: 17 जून, 2015

सेवा मे,

श्री अनिल कुमार,

5263 गली भारत नगर,

शोरा कोठा, पहाड़ गंज,

नई दिल्ली।

बिषय :- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगी गयी सूचना के संबंध मे।

महोदय,

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आपका पत्र जो इस बिभाग मे दिनांक 06-05-2015 को प्राप्त हुआ, जिसका अन्तरिम जबाब दिनांक 05-06-2015 को दिया गया। अब आपको पूरी जानकारी बिंदुवत दी जा रही है जो की निम्नवत है -

विंदु 1. वर्ष 2005-2015 के अंतराल मे भारत सरकार व अन्य बिभागों से प्राप्त पुस्तकें तथा उनकी कीमत संबन्धित भंडारों द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर निम्नवत है-

| क्रम सं | बर्ष | प्राप्त पुस्तकें | कुल कीमत |
|---|---|---|---|
| 1. | 2005-06 | 99,417 | 10,810,750 |
| 2. | 2006-07 | 71,927 | 17,121,928 |
| 3. | 2007-08 | 1,45,544 | 66,022,859 |
| 4. | 2008-09 | 1,97,222 | 28,872,499 |
| 5. | 2009-10 | 1,56,543 | 20,625,239 |
| 6. | 2010-11 | 1,62,356 | 26,432,986 |
| 7. | 2011-12 | 1,13,012 | 17,255,763 |
| 8. | 2012-13 | 81,547 | 29,210,557 |
| 9. | 2013-14 | 95,565 | 38,804,238 |
| 10. | 2014-15 | 1,12,143 | 29,366,570 |

चूंकि इस बिभाग मे वर्ष 2014-15 की स्टॉक सत्यापन की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, अत: पुस्तकों की बिक्री से संबन्धित मांगी गयी पूरी जानकारी स्टॉक सत्यापन का कार्य पूरा हो जाने पर ही दी जा सकती है।

**विंदु 2.** आवेदक द्वारा मांगी गयी सूचना अस्पष्ट है।
**विंदु 3.** आवेदक द्वारा मांगी गयी सूचना अस्पष्ट है।
**विंदु 4.** प्रकाशन बिभाग मे प्रकाशन/पुस्तकें " छंटनी नियम, 1978 " के अंतर्गत छंटनी किए जाते हैं। जो शहरी निर्माण एवं आवास मंत्रालय द्वारा फ॰ सं. 1-12011/1/78 आई बी एन, दिनांक 22.02.1978 को जारी किया गया है।
**विंदु 5.** आवेदक द्वारा दी गयी जानकारी का कोई आधार नहीं है।
**विंदु 6.** सिविल लाइंस के गोदामों मे मैटरियल (बुक / गैजेट इत्यादि ) के रखरखाव की ज़िम्मेदारी संबन्धित भंडारों की है।
**विंदु 7.** 2005 से 2015 तक बिभाग मे प्राप्त पुस्तको के लिए बिन्दु 1 का अवलोकन करें तथा 2000 से 2005 तक का विवरण निम्नवत है।

| क्रम सं | बर्ष | प्राप्त पुस्तकें |
|---|---|---|
| 1. | 2000-01 | 11,800,640 |
| 2. | 2001-02 | 15,12,082 |
| 3. | 2002-03 | 13,112,670 |
| 4. | 2003-04 | 10,513,720 |
| 5. | 2004-05 | 12,443,785 |

चूंकि इस बिभाग मे वर्ष 2014-15 की स्टॉक सत्यापन की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है, अत: पुस्तकों की बिक्री से संबन्धित मांगी गयी पूरी जानकारी स्टॉक सत्यापन का कार्य पूरा हो जाने पर ही दी जा सकती है।

**विंदु 8.** कृपया उपरोक्त बिन्दु 7 का अवलोकन करें।
**विंदु 9.** आवेदक द्वारा मांगी गयी सूचना अस्पष्ट है।

यदि आप उपरोक्त सूचना से सन्तुष्ट नहीं है तो प्रथम अपिलिय प्राधिकारी/ नियंत्रक प्रकाशन से निर्धारित समयावधि में अपील कर सकते है ।

भवदीय,

(लूसी ज्योति बेक)
केंद्रिय लोक सूचना अधिकारी

17.06.2015

स्पीड पोस्ट द्वारा

भारत सरकार
प्रकाशन विभाग
शहरी विकास मंत्रालय
सिविल लाइन्स, दिल्ली-54
Website: www.deptpub.gov.in
Email: acop-dep@nic.in (&) pub.dep@nic.in
TEL.: 2381 7823 /2381 9689 Fax: 2381 7846.

सं: ओ. एण्ड एम./18505/2015 दिनांक: 15 जुलाई, 2015

सेवा मे,
श्री अनिल कुमार,
5263 भारत नगर,
पहाड़ गंज, नई दिल्ली- 110 055

विषय:- सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना के संबंध में ।

महोदय,

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत आपका पत्र जो इस विभाग में दिनांक 16.06.2015 को प्राप्त हुआ, के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि आपके पूर्ववत पत्र दिनांक 05.05.2015 जो इस बिभाग मे 06.05.2015 को प्राप्त हुआ था तथा जिसका एक अन्तरिम जबाब दिनांक 05.06.2015 को दिया गया एवं जिसका बिस्तृत जबाब दिनांक 17.06.2015 को इस बिभाग के पत्र सं॰ ओ. एण्ड. एम./20005/2015 के द्वारा दिया गया।

भवदीय,

(लूसी ज्योति बेक)
केंद्रिय लोक सूचना अधिकारी

15.07.15

15/7/15